


# एक ही दिन दो तेंदुए के शव मिलने से मचा हड़कम्प

## सतना-मैहर रेलखण्ड अंतर्गत उचेहरा के तिघरा फाटक के निकट मिला नर तेंदुआ तो झुकेही के पास सड़क के किनारे मिला मांदा तेदुएं का शव

नवभारत न्यूज

**सतना 3 मई. सतना-मैहर जिलों की सीमा में एक ही दिन नर और मांदा तेंदुए के शव मिलने से विभाग में हड़कम्प मच गया है.**

रेलखण्ड पर उचेहरा क्षेत्र के तिघरा रेलवे फाटक के निकट रेलवे ट्रैक पर रविवार की सुबह एक तेंदुए का शव पाया गया. सतना वन मण्डल सहित उचेहरा वल परिक्षेत्र के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जांच की. जिसके बाद तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया. जिले के उचेहरा वन परिक्षेत्र का कुछ हिस्सा रेलवे ट्रैक के आस पास से गुजरता है. जिसके चलते राष्ट्रीय पार्क पन्ना के जंगलों में रहने वाले कुछ वन्य जीव विचरण करते हुए उचेहरा वन परिक्षेत्र तक पहुंच जाते हैं. यहां तक कि कभी कभी वन्य जीव जंगल के आस पास स्थित गांव तक भी पहुंच जाते हैं. इसी



कड़ी में रविवार की सुबह उचेहरा वन परिक्षेत्र के रेंजर सचिन नामदेव को इस बात की सूचना मिली कि तिघरा रेल फाटक के निकट रेलवे ट्रैक पर एक तेंदुए का शव पड़ा हुआ है. यह जानकारी मिलते ही उचेहरा वन परिक्षेत्र का वन अमला मौके पर पहुंच गया. रेंजर के अनुसार लोहरौरा गांव के निकट रेलवे पोल क्रमांक 1173 और 2325 के बीच रेलवे ट्रैक पर तेंदुए का शव पड़ा मिला. जिस स्थान पर तेंदुए का शव पड़ा मिला उसके आस पास काफी मात्रा में खून भी बहा हुआ पाया गया. घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई. जिसके चलते सतना वन मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी और वन विभाग का डाग स्क्वाड भी मौके पर पहुंच गया. घटना स्थल सहित आस पास के क्षेत्र का बारीकी से मुआयना किया गया. वन विभाग की टीम द्वारा यह जानने का प्रयास भी किया गया कि कहीं तेंदुए के शिकार का प्रयास तो नहीं किया गया था. लेकिन घटनास्थल व आस पास ऐसे को साक्ष्य नहीं मिले जो इस ओर इशारा करते नजर आएं. लिहाजा जांच पूरी करने के बाद तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया. मृत तेंदुए की आयु दो से लेकर ढाई वर्ष के बीच आंकी गई. साथ ही यह भी बताया गया कि मौत के सटीक कारणों की पुष्टि के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षाण प्राधिकरण यानी एनटीसीए के निर्धारित प्रोटोकॉल के अंतर्गत पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद ही मृत तेंदुए का अंतिम संस्कार किया जाएगा. प्रथम दृष्ट्या यह संभावना जताई जा रही है कि देर रात अथवा भोर के समय रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान तेंदुआ किसी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया होगा.

### हाइवे किनारे मिली मृत मादा तेंदुआ



हलांकि उचेहरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से टकराकर तेंदुए की मौत हो जाने की यह पहली घटना सामने आई है. लेकिन इससे पहले सतना-मानिकपुर रेलखण्ड पर मझगवां रेलवे स्टेशन के आस पास रेलवे ट्रैक पर बाघ, शावक और तेंदुए जैसे वन्य प्राणियों के शव मिल चुके हैं. मामले का काबिलेगौर पहलू यह भी रहा कि रविवार को ही मैहर-झुकेही राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट एक मादा तेंदुए का शव पाया गया. जिसकी उम्र एक से डेढ़ वर्ष के बीच आंकी गई. मृत तेंदुए के जबड़े पर चोट के निशान पाए गए हैं. जिसे देखते हुए वन विभाग द्वारा जांच शुरु कर दी गई.

### इनका कहना है

कई बार आसान भोजन जैसे बकरी, बछड़ा, कुत्ता आदि की तलाश में तेंदुए शहर की ओर रुख कर लेते हैं. लिहाजा संभावना है कि भोजन की तलाश में निकला तेंदुआ लोहरौरा गांव के निकट रेलवे ट्रैक पर दुर्घटना का शिकार हो गया होगा.

**मयंक चांदीवाल,**
डीएफओ, सतना

### इनका कहना है

मैहर स्थित मां शारदा मंदिर वाली पहाड़ी पर एक पुराना तालाब है. लिहाजा वन्य जीव और विशेषकर तेंदुए अक्सर वहां पर पानी पीने के लिए आते रहते हैं. यह एक सामान्य घटना है, इससे अधिक डरने की आवश्यकता नहीं है.

**विद्या भूषण मिश्र,**
डीएफओ, मैहर

### शारदा मंदिर पहाड़ी पर तेंदुए की दस्तक



मैहर में जिस त्रकूट पर्वत पर मां शारदा का मंदिर स्थित है उस पहाड़ी पर तेंदुए की दस्तक ने सनसनी फैली दी. बताया गया कि रविवार की दोपहर मंदिर की ओर जा रहे कुछ श्रद्धालुओं की नजर सड़क पर घूम रहे तेंदुए पर पड़ी. लिहाजा एक श्रद्धालु ने उक्त घटना का वीडिया भी बना लिया. घटना की जानकारी मिलने पर वन अमला सक्रिय हो गया और सर्चिंग शुरु कर दी गई. हलांकि सर्चिंग के दौरान तेंदुआ अथवा शावक तो नजर नहीं आए लेकिन उनके पग मार्क जरुर पाए गए. इसी कड़ी में रेंजर मैहर शुभम खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि मां शारदा माता मंदिर क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट है. लेकिन उसके चलते किसी प्रकार के डर जैसी कोई स्थिति नहीं है.

# नीट-यूजी में सिर्फ 87 रहे अनुपस्थिति, सात केन्द्रों में हुई परीक्षा

▸ शहर में बने 7 केंद्रों पर2740 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा





नवभारत न्यूज

**सतना , 3 मई. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा रविवार को देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। शहर में इस परीक्षा के लिए बनाए गए 7 केंद्रों में कुल 2827 परीक्षार्थियों को इंरोल्ड किया गया था , इनमे से मात्र 87 छात्र अनुपस्थित रहे**

भविष्य के डॉक्टर बनने का सपना लिए छात्र-छात्राएं दोपहर से ही केंद्रों पर जुटने लगे.परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखे गए। अभ्यर्थियों को तीन स्तरीय जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा सबसे पहले पुलिस बल द्वारा मेटल डिटेक्टर से गहन तलाशी ली गई। इसके बाद टीम ने प्रत्येक छात्र का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन किया। वहीं ग?ब?ी रोकने के लिए सभी 7 केंद्रों जिसमे राजकीय कन्या महाविद्यालय ,शासकीय एक्सीलेंस स्कूल व्यंकट-1 ,पीएमश्री एक्सीलेंस महाविद्यालय गहरा नाला ,शासकीय व्यंकट क्रमांक-2 ,शासकीय एमएलवी स्कूल , केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 सहित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में सीसीटीवी कैमरे और जैमर्स लगाए गए थे, ताकि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या ब्लूटूथ डिवाइस काम न कर सके।

कलेक्टर द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक अधिकारी के रूप में सुभाष मिश्रा को कमान सौंपी गई थी। साथ ही, कानून व्यवस्था और निरीक्षण के लिए केंद्रों पर कार्यपालिक दंडाधिकारी भी नियुक्त किए गए थे।सिटी को-ऑर्डिनेटर सूर्यकांत पाठक ने बताया कि परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। हालांकि, दिव्यांग विद्यार्थियों को नियमानुसार एक घंटे का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया।परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों के चेहरे पर मिली-जुली प्रतिक्रिया दिखी। कुछ ने जीव विज्ञान के पेपर को आसान बताया, तो कुछ के लिए भौतिकी के सवाल चुनौतीपूर्ण रहे।

### 160 सीसीटीवी से हुई निगरानी

सुरक्षा व्यवस्था को अत्यंत सख्त रखा गया था। जिले के सभी केंद्रों पर कुल 160 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनके माध्यम से लगातार निगरानी की गई। किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक गड़बड़ी या नकल की संभावना को खत्म करने के लिए प्रत्येक केंद्र पर जैमर लगाए गए थे। मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहे।



# कमिश्नर ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

## किसानों के लिए सुविधा बढ़ाने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना 03 मई. कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने रविवार को रामपुर बघेलान की उपज मंडी पहुंच कर उपार्जन केंद्र की गतिविधियों का जायजा लिया।**

निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं को भी देखा। इस मौके पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस भी उपस्थित रहे। कमिश्नर रीवा श्री बीएस जामोद ने रामपुर बघेलान उपज मंडी के उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान किसानों से बातचीत की। उन्होंने समितियों उपार्जन केंद्र संचालन कर रहे स्व सहायता समूह से कहा कि स्लॉट बुकिंग के समय अनुसार किसानों से उनकी उपज खरीदकर उसी दिन उसका इन्द्रराज करे, ताकि किसानों को उसकी उपज का मूल्य शीघ्र भुगतान किया जा सके। उन्होंने उपार्जन केंद्र से खरीदे गए गेहूं का ट्रांसपोर्टेशन भी समय पर करने के निर्देश दिए। रामपुर बघेलान मंडी में 3 उपार्जन केंद्रों पर खरीदी की जा रही है। कमिश्नर रीवा और कलेक्टर ने बचबई ग्राम पंचायत के रेऊरा स्थित सेलो उपार्जन केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां किसानों के लिए छाया, पेयजल सहित अन्य सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। रेऊरा सेलो से 4 स्व सहायता समूह के उपार्जन केंद्र और 3 समितियों के उपार्जन केंद्रों को संबद्ध किया गया है।

### निरीक्षण के दौरान इनकी रही उपस्थिति

उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुभाष मिश्रा, एलआर जांगड़े, जिला प्रबंधक नान पंकज बोरसे, केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक एससी गुप्ता, सहायक आयुक्त सहकारिता प्रभाकरण प्रकाश, जिला आपूर्ति अधिकारी सम्यक जैन भी उपस्थित रहे।

# पारे में मामूली गिरावट, लेकिन उमस ने किया हलाकान

## मौसम विभाग ने जताई गरज-चमक के साथ झोंकेदार हवाओं की संभावना



नवभारत न्यूज

**सतना 3 मई. मौसमी फेरबदल के चलते गुरुवार को मिली फौरी राहत दो दिन में ही काफूर हो गई. नतीजतन शनिवार से शुरु हुई उमस भरी गर्मी ने रविवार होते-होते लोगों को हलाकान करना शुरु कर दिया. वहीं अब मौसम विभाग द्वारा गरज-चमक के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना जताई जा रही है. जिसके चलते एक बार फिर से तापमान में थोड़ी सी कमी आने की संभावना बनती नजर आने लगी है.**

मौसम कर्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को शहर में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. हलांकि शनिवार के 40.7 डिग्री की तुलना में रविवार को अधिकतम तापमान में 2.1 डिग्री की कमी दर्ज की गई, और यह सामान्य की तुलना में 3.1 डिग्री कम आंका गया. लेकिन इसके बावजूद भी हवा में नमी की मात्रा 51 से लेकर 29 फीसदी के बीच बनी रही. जिसका नतीजा यह हुआ कि सुबह से लेकर देर शाम तक जबरदस्त उमस भरी गर्मी का असर बना रहा. ऐसा भी नहीं है कि दोपहर के समय हवाएं नहीं चलीं. लेकिन मध्यम गति से बहने वाली नमी युक्त पुरवा हवाओं ने गर्मी की तासीर को कई गुना अधिक बढ़ा दिया. जिसके चलते चाहे घर में हों अथवा बाहर लोगों को उमस भरी गर्मी से कहीं भी राहत नहीं मिली. यहां तक अब तक की गर्मी से निबटने में कारगर साबित होते आ रहे कूलर भी रविवार को बेअसर होते नजर आने लगे. दिन भर जारी रही तपन के चलते बढ़ी हुई गर्मी और पुरवा हवाओं ने मिलकर शाम होते होते कुछ ऐसा असर दिखाया कि लोगों की बेचैनी कई गुना अधिक बढ़ गई. वहीं रात होने पर भी उमस भरी गर्मी का आलम लोगों को हलाकान करता रहा.

### लू का असर रुका

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार फेरबदल के चलते राज्य के अधिकांश स्थानों पर कुछ समय के लिए लू का असर काफी हद तक कम हो चुका है. वहीं बदले मौसम के मिजाज की वजह से कुछ स्थानों पर गरज-चमक और झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की घटना सामने आ सकती है. हलांकि इस मौसमी फेरबदल का असर जिले पर कम ही पड़ने की संभावना है. लिहाजा गरज-चमक के साथ झोंकेदार हवाओं के चलने की संभावना बनी रहेगी. इस दौरान कुछ स्थानों पर स्थानीय प्रभावों की सक्रियता के बूंदाबांदी भी हो सकती है.

# जिला क्रिकेट संघ की आम सभा में नई कार्यकारिणी गठित




नवभारत न्यूज

**सतना, 3 मई ।जिला क्रिकेट संघ, सतना की वार्षिक आम सभा ( वर्ष 2024-25 ) आज सतना स्थित ट्रांसपोर्ट भवन में तदर्थ समिति की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।**

बैठक में तदर्थ समिति के सदस्य संजीव दुआ, अधिवक्ता प्रसून कनमडीकर एवं रोहित डी पंडित सहित जिला क्रिकेट संघ सतना के 32 में से 18 सदस्य उपस्थित रहे।आम सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लेखा-जोखा तथा आय-व्यय रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लेखा परीक्षक की नियुक्ति की गई और आगामी वर्ष 2025-2026 के बजट को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

इस अवसर पर, चुनाव अधिकारी अधिवक्ता कीर्ति दुबे द्वारा वर्ष 2025 से 2028 तक के कार्यकाल के लिए जिला क्रिकेट संघ, सतना के चुनाव कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी दी गई एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। जिला क्रिकेट संघ सतना के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल 2025 साल 2028 तक रहेगा।

निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पीयूष शर्मा पिता अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष मिथलेश पांडे पिता नीलकंठ पांडे?, सचिव जयवर्धन सिंह पिता आनंद सिंह बघेल, संयुक्त सचिव प्रमोद शर्मा पिता सौखीलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा पिता सी एल शर्मा, प्रबंध समिति सदस्य राजीव पाठक पिता रामलाल पाठक आसिफ इकबाल सिद्दीक़ी पिता तजम्मुल हुसैन शामिल हैं।

आम सभा के समापन पर, तदर्थ समिति द्वारा संस्था के संचालन की पूर्ण अधिकार एवं जिम्मेदारियाँ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत सौंप दी गई।

### एक नजर में



### नारायण मुक्तिधाम का महापौर ने किया अवलोकन

**सतना ।** समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति द्वारा संत समाज के सानिध्य में जन सहयोग से रीवा रोड स्थित श्री नारायण मुक्तिधाम का नवनिर्माण,विस्तार एवं जीणोद्धार का कार्य किया जा रहा है जिसका 2 मई शनिवार को महापौर योगेश ताम्रकार ने अवलोकन किया इस अवसर पर संरक्षक मनोहर डिगवानी अध्यक्ष विनोद गेलानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### आलोक त्रिपाठी लायंस क्लब के अध्यक्ष बने

**सतना।** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स की संचालक मंडल बैठक एवं आम सभा आयोजित की गई। सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक रहे। आम सभा की अध्यक्षता कर रहे लायंस अध्यक्ष लायन शैलेन्द्र त्रिपाठी ने सत्र 2026-27 के अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए। लायन शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि लायन आलोक त्रिपाठी को सत्र 2026-27 के अध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

### टैक्सी ओनर ध्रुव गुप्ता का निधन



**सतना।** धवारी गली नंबर 1 गुप्ता कॉलोनी निवासी टैक्सी ओनर ध्रुव गुप्ता का दुःखद निधन विगत दिवस हार्ट अटैक से हो गया। उनके दुःखद निधन पर नरेंद्र गुप्ता,कालिका प्रसाद गुप्ता, अशोक गुप्ता, हर्ष गुप्ता, कार्तिकेय गुप्ता, राकेश मिश्रा, बबलू गुप्ता हुकुमचंद गुप्ता, राजेश मिश्रा , प्रदीप कुमार मिश्रा, शिवेंद्र गुप्ता, संदीप कुमार गुप्ता, दिनेश अग्रवाल सुशील अग्रवाल, राम जी गुप्ता, अनिल गुप्ता, विकास निगम, प्रकाश अग्रवाल, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं क्षेत्र वासियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# नरवाई जलाने पर 8 किसानों को नोटिस

नवभारत न्यूज

**सतना 03 मई. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा 9 मार्च 2026 को जारी आदेश के तहत धान एवं गेहूं की कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।**

कलेक्टर के आदेश के उल्लंघन पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद जितेन्द्र वर्मा द्वारा 8 किसानों को नोटिस जारी किया गया है। इन किसानों में अनुविभाग नागौद अंतर्गत ग्राम शहपुर के रामप्रसाद ढीमर, ओमप्रकाश ब्राम्हण, रामप्रकाश ब्राम्हण, जीवनलाल नाई, जयलाल नाई, विश्वनाथ तथा ग्राम खखरौधा के अवधेश कुर्मी और नरेश कुर्मी शामिल हैं।

# पंच परिवर्तन ही होगा भारत के राष्ट्रोत्थान का मार्ग

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 मई. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतना नगर द्वारा सरस्वती विद्यालय, कृष्ण नगर में मातृशक्ति, कला, खेल, साहित्यकार एवं इतिहासकार श्रेणी की एक विशेष जन गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया।**



उपस्थित प्रांत संपर्क टोली के सदस्य धीरेंद्र मिश्रा ने पंच परिवर्तन के माध्यम से राष्ट्र

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में निर्माण का विजन साझा किया। कार्यक्रम में जिला संघचालक रामबेटा कुशवाहा जी मंच पर उपस्थित रहे। अपने संबोधन में धीरेंद्र मिश्रा ने संघ के पंच परिवर्तन के पांचों स्तंभों की विस्तार से व्याख्या की. सामाजिक समरसता- जाति, भाषा और वर्ग के भेदों को मिटाकर एक एकजुट हिंदू समाज का निर्माण करना।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ राष्ट्रगीत के साथ हुआ। इस गोष्ठी में सतना के साहित्यकारों, खिलाड़ियों और कला जगत से जुड़े प्रबुद्ध जनों के साथ मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन और अतिथि परिचय उमेश दुबे द्वारा किया गया, जबकि आयोजन का समापन आयुष द्वारा व्यक्त किए गए आभार प्रदर्शन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सतना में ज्ञान भारतम् मिशन के तहत् पांडुलिपि संरक्षण कार्य प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 मई. भारत सरकार की ज्ञान भारतम् मिशन योजना के तहत् प्राचीन पांडुलिपियों के सर्वे, दस्तावेजीकरण एवं डिजिटल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत् सतना में भी दिगंबर जैन मंदिर के प्राचीन पांडुलिपि भंडार तथा तीन निजी संग्रहकर्ताओं के पास संग्रहीत प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया गया।**



भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा पूरे देश में प्रारंभ किये गये ज्ञान भारतम् मिशन का उद्देश्य देश भर में आम नागरिकों, मंदिरों, मठों, परिवारों एवं निजी संग्रहों में सुरक्षित पुरानी हस्तलिखित पुस्तकें, पोथियाँ, ताड़पत्र, भोजपत्र, वंशावली, ज्योतिष, आयुर्वेद, पूजा-पद्धति, इतिहास आदि की अमूल्य प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण एवं डिजिटल संरक्षण किया जा रहा है जो हमारे ज्ञान और संस्कृति की धरोहर हैं। इस हेतु 15 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक एक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में यह कार्य पुरातत्व विभाग को सौंपा गया है। पुरातत्व विभाग के अंतर्गत रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर के संग्रहालयाध्यक्ष श्री डाबी के निर्देशन में दीपक यादव के नेतृत्व में एक टीम सतना आई और यहां विभिन्न वस्तुओं के संग्रहकर्ताओं की संस्था सेंट्रल इण्डिया फिलाटेलिक सोसायटी के अध्यक्ष सुधीर जैन से संपर्क करके सतना में विभिन्न स्तरों पर संग्रहीत पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया। सुधीर जैन के निजी संग्रह में संग्रहित सुंदर रंगीन स्याहियों से हस्तलिखित दो बहुमूल्य प्राचीन ग्रंथ तथा चार अन्य प्राचीन दस्तावेजों का सर्वेक्षण किया गया।